>

Title : Non-observance of rules by the U.P. Government in calling meeting of District Planning Committee during the session of Parliament.

श्री आर.के. सिंह पटेल (बांदा) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यन्त आवश्यक एवं महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जैसे कि आप अवगत हैं कि वर्तमान समय में लोक सभा का सत्र आहूत है, जिसमें माननीय सांसदगण भाग लेने के लिए अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों से चुनकर आए हैं।

मान्यवर शासनादेशों में यह प्रावधान है कि जब लोक सभा का सत्र आहूत होता है, उस समय जनपद में, प्रदेशों के जिलों में जिलाधिकारी विकास से संबंधित, जैसे जिला योजना समिति की बैठकें नहीं कर सकते हैं।

किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार के जनपद बांदा और चित्रकूट में, जहां से मैं चुनकर आया हूं ...(व्यवधान) यह एक संवैधानिक बात है, आप सुन लीजिए। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों के दबाव में वहां पर जिलाधिकारी ये बैठकें आयोजित कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please do not disturb the House. Let the hon. Member make his point.

श्री आर.के.सिंह पटेल : उत्तर प्रदेश सरकार के दवाब में वहां पर जो प्रभारी मंत्री हैं, वे जिले में आज बैठकें आयोजित कर रहे हैं। कल 15 तारीख को, कल बांदा और चित्रकूट जिले में जो भारत सरकार का पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि का पैसा है, उसकी बैठक वहां आयोजित हो रही है, उसको तत्काल निरस्त किया जाये।

मेरा आपसे अनुरोध है कि वहां पर उत्तर प्रदेश सरकार की ऐसी स्थिति पैदा करने से रोका जाये। ...(व्यवधान) मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं, आप सुन लीजिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Only Dr. Bhola Singh's statement will be recorded and nothing else will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

* Not recorded.